(1) Sixth Report on Action Taken by the Government on the Observations / Recommendations contained in the First Report on 'Demands for Grants (2024-25)' of the Ministry of Jal Shakti – Department of Drinking Water and Sanitation.

(2) Seventh Report on Action Taken by the Government on the Observations / Recommendations contained in the Second Report on 'Demands for Grants (2024-25)' of the Ministry of Jal Shakti – Department of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation.

(3) Eighth Report on Action Taken by the Government on the Observations / Recommendations contained in the Third Report on 'Demands for Grants

(2025-26)' of the Ministry of Jal Shakti – Department of Drinking Water and Sanitation.

(4) Ninth Report on Action Taken by the Government on the Observations / Recommendations contained in the Fourth Report on 'Demands for Grants (2025-26)' of the Ministry of Jal Shakti – Department of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation.

STANDING COMMITTEE ON RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ

18th and 19th Reports

SHRI RAJU BISTA (DARJEELING): Madam Chairperson, I rise to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Rural Development and Panchayati Raj:-

(1) Eighteenth Report on 'Clean and Green Village: Role of Panchayats' pertaining to the Ministry of Panchayati Raj.

(2) Nineteenth Report on 'Action Taken by the Government on the Recommendations contained in the 5th Report on 'Demands for Grants (2025-26)' pertaining to the Department of Rural Development (Ministry of Rural Development).

सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति

9वां से 11वां प्रतिवेदन

श्री अनूप प्रधान वाल्मीकि (हाथरस) : सभापति महोदया, मैं सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2024-25) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) में सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) की 'अनुदानों की मांगें (2024-25)' के बारे में समिति के दूसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी नौवां प्रतिवेदन।

(2) जनजातीय कार्य मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगें (2024-25)' के बारे में समिति के तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा-गई-कार्रवाई संबंधी दसवां प्रतिवेदन।

(3) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगें (2024-25)' के बारे में समिति के चौथे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी ग्यारहवां प्रतिवेदन।

(1405/SNL/RV)

STANDING COMMITTEE ON EDUCATION, WOMEN, CHILDREN, YOUTH AND SPORTS

362nd Report

SHRI DARSHAN SINGH CHOUDHARY (HOSHANGABAD): Madam, with your kind permission, I rise to lay the 362nd Report (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Education, Women, Children, Youth and Sports on Action Taken by the Government on the Recommendations contained in the Three Hundred Fifty-sixth Report on 'Implementation of the National Education Policy, 2020 in Higher Education'.

STATEMENTS RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS IN 46TH, 59TH AND 66TH REPORTS OF STANDING COMMITTEE ON FINANCE - LAID

1406 hours

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Madam, on behalf of Shri Pankaj Chaudhary, I rise to lay the following statements regarding: -

(1) status of implementation of the recommendations contained in the 46th Report of the Standing Committee on Finance on 'Strengthening Credit Flows to the MSME Sector' pertaining to the Department of Financial Services, Ministry of Finance.

(2) the status of implementation of the recommendations contained in the 59th Report of the Standing Committee on Finance on 'Cyber Security and Rising Incidence of Cyber/White Collar Crimes' pertaining to the Department of Financial Services, Ministry of Finance.

(3) the status of implementation of the recommendations contained in the 66th Report of the Standing Committee on Finance on 'Performance Review and Regulation of Insurance Sector' pertaining to the Department of Financial Services, Ministry of Finance.

STATEMENTS RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS IN 3RD and 10TH REPORTS OF STANDING COMMITTEE ON FINANCE - LAID

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS (SHRI HARSH MALHOTRA): Madam, with your permission, I rise to lay the following statements regarding: -

1. the status of implementation of the recommendations contained in the 3rd Report of the Standing Committee on Finance on Demands for Grants (2024-2025) pertaining to the Ministry of Corporate Affairs.
2. the status of implementation of the recommendations contained in the 10th Report of the Standing Committee on Finance on Demands for Grants (2025-2026) pertaining to the Ministry of Corporate Affairs.

INCOME-TAX (NO.2) BILL

1408 hours

THE MINISTER OF FINANCE; AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Madam, I rise to move for leave to introduce a Bill to consolidate and amend the law relating to income-tax.

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : प्रश्न यह है :

"कि आय-कर से संबंधित विधि को समेकित करने और उसका संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Madam, I introduce the Bill.

TAXATION LAWS (AMENDMENT) BILL

1409 hours

THE MINISTER OF FINANCE; AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Madam, I rise to move for leave to introduce a Bill further to amend the Income-tax Act, 1961 and to amend the Finance Act, 2025.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि आय-कर अधिनियम, 1961 का और संशोधन करने और वित्त अधिनियम, 2025 का संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Madam, I introduce the Bill.

MINES AND MINERALS (DEVELOPMENT AND REGULATION) AMENDMENT BILL

1409 hours

THE MINISTER OF COAL; AND MINISTER OF MINES (SHRI G. KISHAN REDDY): Madam, I rise to move for leave to introduce a Bill further to amend the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI G. KISHAN REDDY: Madam, I introduce the Bill.

माननीय सभापति : माननीय सदस्य श्री निशिकान्त जी, आपका नोटिस मिला है और माननीय अध्यक्ष जी के विचाराधीन है।

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : मैडम, हमें इस पर कुछ बोलने दीजिए।... (व्यवधान)

नियम 377 के अधीन मामले – सभा पटल पर रखे गए

1410 बजे

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, आज जिन माननीय सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामले उठाने की अनुमति दी गई है, वे व्यक्तिगत रूप से 20 मिनट के भीतर मामले के अनुमोदित पाठ को सभा पटल पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

Re: Need to impress upon the Government of Karnataka to implement Ayushman Bharat Scheme in the State

CAPTAIN BRIJESH CHOWTA (DAKSHINA KANNADA): The Government of Karnataka has unilaterally withheld Ayushman Bharat benefits for senior citizens above 70 years of age by refusing to contribute its mandatory 40% share under the scheme. As a result, lakhs of elderly citizens in the state, many of whom depend on this scheme for life-saving treatments, are now being denied access to secondary and tertiary healthcare. This decision stands in stark contrast to the vision of Hon'ble Prime Minister who launched Ayushman Bharat with the aim of ensuring universal health coverage and financial protection for the poorest and most vulnerable. By stepping away from the scheme, the Karnataka Government is undermining a critical pillar of India's healthcare reforms and violating the principles of cooperative federalism. I urge the Union Government to take immediate and appropriate steps to ensure that the people of Karnataka, particularly senior citizens, are not denied their rightful access to healthcare under Ayushman Bharat, and to impress upon the State Government to fulfil its share of responsibilities under this flagship initiative. (ends)

Re: Need to expedite approval for establishment of a 50-bedded ESIC hospital in Kandhamal, Odisha along with upgrading the existing dispensaries in the district

SHRI SUKANTA KUMAR PANIGRAHI (KANDHAMAL): I rise to draw the august attention of this House to a matter of critical and compelling public concern. Kandhamal, an Aspirational District in Odisha with a population of nearly 11 lakh — over 50% from Scheduled Tribes — is witnessing increased formal employment in agro-processing, construction, and tribal enterprises. The district has over 8,000 ESIC-insured persons but lacks an ESI hospital. The only dispensary in Phulbani is under-equipped, and the nearest ESI hospitals are over 200 km away, severely affecting access to secondary care. As per ESIC norms, any district with more than 5,000 insured persons and no ESI hospital within 50 km qualifies for a 50-bedded ESI Hospital. Kandhamal also qualifies for priority under Ayushman Bharat, PM-ABHIM, and the Aspirational Districts Programme. I urge the Hon'ble Minister of Labour and Employment to expedite the sanction of a 50-bedded ESI Hospital in Kandhamal, upgrade the existing dispensary with telemedicine and diagnostics, and launch ESIC awareness drives. This will advance healthcare inclusion for underserved tribal populations and support the Government's vision of equitable social security.

(ends)

Re: Need to promote and establish 'Jaivik Haat' in every district and town in the country

श्री अरुण गोविल (मेरठ) : सरकार जैविक और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए जो योजनाएँ चला रही है, वे निश्चित रूप से सराहनीय हैं। लेकिन जमीन पर हालात कुछ और कहते हैं। आज भी लाखों किसान जो जैविक खेती कर रहे हैं, उन्हें अपने उत्पादों के लिए एक सुनिश्चित, स्थायी और लाभकारी बाज़ार नहीं मिल रहा। वे या तो बिचौलियों के हाथों कम कीमत पर बेचने को मजबूर हैं, या उनके उत्पाद लंबे समय तक बिना बिके रह जाते हैं। उपभोक्ता भी भ्रमित है। नागरिक शुद्ध और सुरक्षित भोजन चाहते हैं, उन्हें यह पता ही नहीं कि सही और प्रमाणित जैविक उत्पाद मिलेंगे कहाँ से? किसान और उपभोक्ता—को जोड़ने का एकमात्र समाधान है: हर जिले, नगर में "जैविक हॉट मार्केट" की स्थापना। जो केवल प्रमाणित जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के लिए हों। जहाँ किसान किसी बिचौलिए के, सीधे उपभोक्ता को अपना उत्पाद बेच सकें। जहाँ सरकार या उसकी अधिकृत संस्थाएं इन उत्पादों की गुणवत्ता की गारंटी दें। जहाँ उपभोक्ता को यह भरोसा हो कि जो वह खरीद रहा है, वह सच में जैविक है। मेरा सरकार से आग्रह है कि नीति निर्माण करते हुए, संबंधित मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोग से इस "जैविक हॉट मार्केट" मॉडल को प्राथमिकता दी जाए।

(इति)

Re: Need to establish Indian Institute of Management in Gorakhpur, Uttar Pradesh

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन (गोरखपुर) : गोरखपुर यूपी के पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर है, गोरखपुर शिक्षा,व्यापार और पर्यटन का एक बड़ा केंद्र है । पूर्वांचल और बिहार के लगभग 20 ज़िले अपने विभिन्न ज़रूरतों के लिए गोरखपुर पर निर्भर है । यहाँ रेलवे का बहुत बड़ा नेटवर्क है यहाँ एयरपोर्ट भी है । गोरखपुर और इसके आस पास के ज़िलों के छात्र बड़े मेधावी हैं । उनमें अपार संभावनाएँ हैं।वो प्रबंधन की पढ़ाई करना चाहते हैं लेकिन गोरखपुर में प्रबंधन संस्थान न होने के कारण उन्हें काफ़ी दूर जाना पड़ता है। समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर दलित और वंचित वर्ग के छात्र संसाधनों की कमी के कारण अपने सपने को अधूरा छोड़ देते हैं। गोरखपुर में एक (IIM) की स्थापना हो जाने से यहाँ के छात्र - छात्राओं को अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होगा जिससे इस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। गोरखपुर में (IIM) की स्थापना के लिए जो भी सहायता चाहिए उसे राज्य सरकार उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। अतः मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि गोरखपुर में एक भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM)की स्थापना करने की दिशा में तत्काल निर्णय लेकर इस क्षेत्र के भविष्य को सँवारने में महत्वपूर्ण योगदान देने की कृपा करे।

(इति)

Re: Need to include people belonging to 'Heri' community in the list of Scheduled Tribes/Scheduled Castes

श्री धर्मबीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़) : हेड़ी समाज (जो वर्तमान में कई स्थानों पर नायक जाति के नाम से जाना जाता है) की एक अहम और वर्षों से लंबित मांग को इस सदन के माध्यम से सरकार के समक्ष रखना चाहता हूँ। यह समाज मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला भिवानी-चरखीदादरी-महेंद्रगढ़ सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों में निवास करता है, और आज़ादी के बाद से ही सामाजिक, प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रतिनिधित्व से वंचित रहा है। इस समाज का न कोई IAS, न HCS अधिकारी है और न ही सरकारी तंत्र में समुचित भागीदारी। इस समुदाय ने आधुनिक पहचान के लिए "नायक" नाम अपना लिया, जिसकी वजह से उन्हें ओबीसी वर्ग में शामिल कर दिया गया। जबकि हरियाणा में यह समाज आजभी सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा और अनुसूचित जाति वर्ग में भी सबसे कमजोर स्थिति में है। अतः इस समाज की यह मांग है कि इन्हें अनुसूचित-जनजाति (ST) वर्ग में सम्मिलित किया जाए, और यदि वह संभव न हो, तो कम से कम अनुसूचित-जाति (SC) वर्ग में पुनः शामिल किया जाए, ताकि उन्हें आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं का उचित लाभ मिल सके। मेरा केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार से विनम्र अनुरोध है कि इस समाज की पीड़ा को समझते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

(इति)

Re: Construction of ESIC hospital in Pandu Nagar, Kanpur, Uttar Pradesh

श्री रमेश अवस्थी (कानपुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र कानपुर के पांडुनगर में स्थित ई०एस०आई०सी० अस्पताल को कर्मचारी राज्य बीमा निगम भारत सरकार द्वारा वर्ष 2009 में एक दन्त कालेज तथा ई०एस०आई०सी० अस्पताल के नवीनीकरण के लिए 254.80 करोड़ रुपये की धनराशी स्वीकृति कि गयी थी तथा वर्ष 2016 में तत्कालीन मा० मंत्री जी द्वारा 312 बेड के स्वीकृत अस्पताल का शिलान्यास भी किया जा चुका है परन्तु मंत्रालय, विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों की आपसी सामाजस्य एवं उदासीनता के चलते उक्त अस्पताल का निर्माण आज तक अपूर्ण अवस्था में है जिसके कारण उसकी लागत वर्तमान स्थिति में निर्माण हेतु स्वीकृति धनराशि से लगभग दोगुना हो गयी है। केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा थी कि कानपुर व आसपास लगभग 10 जिलो की फैक्ट्रियों में हजारों की संख्या में जो कर्मचारी कार्यरत है उनको अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। इसी मंशा के साथ अस्पताल की आधारशिला रखी गयी थी परन्तु अभी तक केवल भवन का अपूर्ण ढांचा ही तैयार हो पाया है। मेरा श्रम एवं रोजगार मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त अस्पताल के सम्बन्ध में एक संयुक्त समिति का गठन करके स्थलीय निरिक्षण कराकर इसकी जांच करायी जाए।

(इति)

Re: Need to start construction of ropeway in Jalore Fort in Rajasthan and take measures for inclusion of the Fort in the list of UNESCO World Heritage Sites

श्री लुम्बाराम चौधरी (जालौर) : जालोर का स्वर्णगिरि दुर्ग एक हजार साल का ऐतिहासिक वैभव समेटे हुए हैं। दुर्ग का निमार्ण 10वीं शताब्दी मे हुआ। इस दुर्ग से स्थापत्य कला का सौन्दर्य झलकता है। यह राज्य सरकार के पुरातत्व विभाग की धरोहर है एवं वर्ष 1956 से संरक्षित स्मारक है। इस दुर्ग तक पहुंचने के लिए करीब 2 हजार सीढ़ियां हैं। वर्ष 2017-18 में राजस्थान में विरासत परिपथ के विकास के लिए परियोजना को स्वीकृति प्रदान करते हुए भारत सरकार द्वारा जालौर किले तक रोप-वे के निर्माण हेतु 8.82 करोड़ रुपये की राशि की मंजूरी दी गई थी। जिसमें से 7 करोड़ रुपए रोप-वे के निर्माण में व्यय किए जाने है। शेष राशि को पर्यटन सुविधा केंद्र धरातल पार्किंग, सीढ़ियों, रेलिंग, पेयजल, स्वच्छता, बैठने के लिए बेंच आदि पर व्यय किया जाना है। हालांकि उक्त कार्य की निधि के जारी होने की तिथि से अगले 18 महीने में पूरा किया जाना था लेकिन दुर्भाग्यवश 8 सालों का समय बीत जाने के बावजूद इस पर निर्माण कार्य आरंभ नही किया गया है। जालौर दुर्ग को यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची मे शामिल करने तथा जल्द से जल्द रोप- वे का निमार्ण पूर्ण करवाने के आदेश जारी करने की कृपा करें।

(इति)

Re: Demarcation of boundary of Chambal Sanctuary along Chambal river in Fatehpur Sikri Parliamentary Constituency

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : मेरे संसदीय क्षेत्र फतेहपुर सीकरी के अंतर्गत आने वाली बाह विधान सभा के अंतर्गत चंबल नदी बहती है, जिसके साथ चंबल सेंचुरी स्थित है। इस क्षेत्र में चंबल सेंचुरी की सीमा कहीं 4 किलोमीटर, कहीं 8 किलोमीटर, तो कहीं 12 किलोमीटर तक फैली हुई है, जबकि मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में यही सीमा मात्र 500 मीटर निर्धारित है। चंबल सेंचुरी की इस असमान बाध्यता के कारण बाह विधान सभा क्षेत्र का समुचित विकास लंबे समय से अवरुद्ध है। क्षेत्र के दर्जनों बड़े गाँव आज भी सड़क, विद्यालय, चिकित्सालय जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। कोई भी विकास कार्य चंबल सेंचुरी की विस्तृत सीमा के कारण संभव नहीं हो पा रहा है। एक ही नदी और सेंचुरी के लिए अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग मानक होना न केवल अनुचित है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के चंबल क्षेत्र के हज़ारों निवासियों के साथ अन्याय भी है। अत: सरकार से विनम्र आग्रह है कि जनहित में चंबल सेंचुरी की सीमा को चंबल नदी के मध्य से दोनों ओर अधिकतम 500 मीटर तक निर्धारित कराने की कृपा करें, जिससे किसान अपनी भूमि पर कृषि कर सकें, और सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग व अन्य आधारभूत विकास कार्यों को गति मिल सके।

(इति)

Re: Construction and development of roads in Odisha

श्री रुद्र नारायण पाणी (धेन्कानल) : अटल जी की सरकार के समय ओड़िशा में राष्ट्रीय राजमार्ग को दोगुणा कर दिया गया था। पहले 1600 किलोमीटर था एक ही प्रयास में 3200 किलोमीटर कर दिया गया था। मोदी सरकार 2014 में आने के बाद फिर से राज्य में सड़क क्षेत्र में क्रांति लाई गयी है और अधिक ध्यान दिए जाने हेतु मैं प्रार्थना करता हूँ। अंगुल जिले के बड़केरा (BADAKERA) से भुवनेश्वर वाया आठगढ़ के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जाने हेतु 2015 में घोषणा की गयी थी, उसे अमल में लाने हेतु मैं प्रार्थना करता हूँ। बड़केरा से आठगड़ तक जाने के उपरांत बांये जाने से कटक आता है। उसी को पुराना 'कटक-संबलपुर' मार्ग कहा जाता है। उसके विकास के लिए भी मैं निवेदन करता हूँ। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 55 अर्थात मुख्यतया 'कटक-संबलपुर' महामार्ग का फोर लेनिंग का काम और युद्धस्तर में समाप्त किया जाए। तालचर से अंगुल होते हुए हिंदोल एनएसी दे के नरसिंग पुर होते हुए बंदर नगरी (Port City) गोपालपुर तक एक राजमार्ग पुरानी परिकल्पना है उसमें कई राजमार्गों का हिस्सा आएगा। सबको संकलित करके कोल सिटी तालचर से पोर्ट सिटी गोपालपुर तक एक महामार्ग बनाए जाने हेतु मैं पुनः प्रार्थना करता हूँ। राष्ट्रीय राजमार्ग 55 के एक स्थान मशाणिआ (MASANIA) से क्योंझर जिले के नरणपुर (NARANPUR) तक एक राजमार्ग बनाए जाने का एक पुराना संकल्प है, उसे आगे बढ़ाए जाने हेतु भी मैं निवेदन करता हूँ।

(इति)

Re: Establishment of IIM and NIT in Mahabubnagar district headquarters, Telangana

SHRIMATI D. K. ARUNA (MAHBUBNAGAR): I would like to bring to your kind notice regarding need to set up IIM and NIT in Mahabubnagar District Headquarters which falls in my Mahabubnagar Parliamentary Constituency in Telangana State. Indian Institutes of Management and National Institutes of Technology are premier management institutions in India, highly regarded for their rigorous management education, strong alumni network, and high placement rates and also play a crucial role in shaping India's business leadership and fostering a culture of innovation and excellence in management activities and its brand carries significant weight, opening doors to diverse career opportunities and offering a platform for professional growth to improve quality education, career opportunities with the skills and knowledge to secure better job opportunities, at the international level. My Parliamentary Constituency is nearer to Capital City of Hyderabad and is very much backward and the local people reminded me several times to ensure that establishment of IIM and also NIT in Mahabubnagar are very much useful to the people of entire Telangana State and there is plenty of land available for this purpose which will also help in achieving Viksit Rajya for Viksit Bharat-2047 as part of it. Therefore, I request the Hon'ble Minister of Education, through the Chair, to kindly consider the proposal to set up IIM and NIT in Mahabubnagar District Headquarters for which my Constituency people shall ever be grateful to you, Sir.

(ends)

Re: Need to restrict use of pesticides and promote bio-farming

श्री मनीष जायसवाल (हज़ारीबाग) : आज के समय में अधिक उत्पादन की होड़ में हमारे अन्नदाता—किसान—खेतों में अत्यधिक मात्रा में कीटनाशकों (पेस्टीसाइड्स) का प्रयोग कर रहे हैं। इससे एक ओर जहां फसलों की पैदावार में वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर इन रसायनों के अवशेष हमारे भोजन में सम्मिलित होकर आम जनजीवन के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। कई वैज्ञानिक शोधों और रिपोर्टों में यह तथ्य सामने आया है कि इन कीटनाशकों के सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अतः मैं माननीय कृषि मंत्री महोदय से यह अनुरोध करता हूं कि वे रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग को नियंत्रित करने हेतु सख्त नीति बनाएँ तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु उचित एवं प्रभावी कदम उठाएँ। इससे न केवल हमारे नागरिकों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा, बल्कि निर्यात और घरेलू बाज़ार में जैविक उत्पादों की मांग से किसानों की आमदनी में भी वृद्धि होगी।

(इति)

Re: Need for establishment of Regional Rapid Transit System (RRTS) Corridor in Bengaluru

SHRI P. C. MOHAN (BANGALORE CENTRAL): I rise to highlight the need for a RRTS corridor in and around Bengaluru, one of India's fastest-growing cities. Today, over 1.4 crore people live in Bengaluru, and nearly 15–20 lakh people travel daily from nearby towns like Tumakuru, Hosur, Kolar, Ramanagara, and Mandya. With a metropolitan population exceeding 1.4 crore and over 15–20 lakh daily commuters from towns like these Bengaluru remains underserved by high-speed regional transit. These areas depend on congested highways and overcrowded trains. These commuters spend 2–3 hours each way due to traffic and overcrowded trains. This causes loss of time, productivity, and pressure on Bengaluru's roads and housing. Despite contributing over ₹11 lakh crore annually to India's GDP, Bengaluru has no approved RRTS corridor, unlike the Delhi–Meerut line, which cut travel time to under 1 hour. I urge the Honourable Ministers of Housing & Urban Affairs and Railways to commission a pre-feasibility study and DPR for RRTS to Tumakuru, Hosur, Kolar, Ramanagara, Mandya; integrate it with metro, suburban rail, and STRR; provide central assistance under the National Infrastructure Pipeline; and Bengaluru deserves the same mobility priority as other Tier-1 regions. Let us not allow India's innovation capital to fall behind.

(ends)

Re: Need to facilitate States to participate and contribute in the process of development of National Quantum Mission

SHRI G. KUMAR NAIK (RAICHUR): I welcome the Centre's decision to invest in the National Quantum Mission. But, as the experience of the Semiconductor Program shows, India must now ensure better coordination and a clear roadmap to prevent stalled projects and shelved proposals. Despite ₹76,000 crore allocated, India is yet to commission a single commercial semiconductor fab, and clarity on job creation remains absent. Under the leadership of Hon'ble Chief Minister, Karnataka has already laid out a comprehensive vision. This includes not just infrastructure development, but the fostering of a robust scientific ecosystem. As India produces 91,000+ graduates annually in quantum-relevant fields second only to the EU, institutions like IISc and the state's thriving startup ecosystem offer a strong foundation. With this objective, Karnataka hosted a successful Quantum Technology Summit 2025, invited two Nobel Laureates, and announced a ₹1,000 crore Quantum Fund. Initiatives like a dedicated Quantum Research Park, Q-City, Fabline, and coursework in 20+ colleges are underway. Sir, India's deep-tech success hinges on cooperative federalism. I urge the Centre to treat states not merely as fund recipients, but as co-creators. The window of opportunity is open, but only for those ready to collaborate and act with conviction.

(ends)

Re: Compensation for land, rehabilitation and employment for displaced persons in lieu of land acquired by WCL

श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे (रामटेक) : WCL द्वारा कोयला खनन परियोजनाओं हेतु किए जा रहे भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं मुआवजे की प्रक्रिया में उत्पन्न हो रही जमीनी समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूँ। WCL द्वारा अधिग्रहण की प्रक्रिया कोल बेयरिंग एक्ट 1957 और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत होती है, परंतु व्यवहार में प्रभावित किसानों को वर्षों तक मुआवजा नहीं मिलता। कोल बेयरिंग एक्ट, 1957, अधिसूचना की धारा 4, 7, 9 और 11 की जानकारी ग्राम स्तर पर सही तरीके से नहीं पहुँचाई जाती है, जिससे अविश्वास की स्थिति बनी रहती है। कई बार 80% ज़मीन मालिकों की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण कार्य को आगे बढ़ाया जाता है, और रोजगार संबंधी फाइलें वर्षों तक लंबित रहती हैं। CMPDIL द्वारा किया गया सर्वेक्षण, खसरा विवरण, सिंचित-असिंचित ज़मीन की पहचान तथा मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और समय सीमा का अभाव है। क्लबिंग की प्रक्रिया के तहत अलग-अलग प्रकृति की ज़मीनों को एक साथ जोड़ा जाता है, जिससे मुआवजा, पुनर्वास और नौकरी में असमानता आती है। किसानों को उनके गांव से सैकड़ों किलोमीटर दूर नौकरी दी जाती है, जिससे बुजुर्गों और खेतों की देखभाल करना मुश्किल हो जाता है। WCL की पूरी प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच कराई जाए, और मुआवजा, पुनर्वास तथा रोजगार पारदर्शी, समयबद्ध और न्यायसंगत रूप से प्रदान किए जाएं। (इति)

Re: Need to establish AYUSH Medical College in the Employees State Insurance Corporation (ESIC) Hospital at Ezhukone, Kollam, Kerala

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): I wish to draw the attention of the Government to the urgent need for establishing an AYUSH Medical College at the Employees' State Insurance Corporation (ESIC) Hospital, Ezhukone, Kollam, Kerala. The ESIC Hospital at Ezhukone is a major healthcare facility with adequate land and infrastructure to support the establishment of a full-fledged AYUSH Medical College. Such an institution would not only promote education, training, and research in Ayurveda, Yoga, Naturopathy, Unani, Siddha, and Homoeopathy but also strengthen the integration of traditional and modern healthcare systems in the region. This initiative would benefit thousands of patients, create employment opportunities, and position Kollam as a hub for AYUSH-based medical education in South Kerala. I urge the Government to take immediate steps, in coordination with the Ministry of AYUSH and the Ministry of Labour & Employment, to initiate the establishment of an AYUSH Medical College at ESIC Ezhukone, Kollam, utilising the existing infrastructure and resources.

(ends)

Re; Need to review decision to drop the proposed ROB at Level Crossing No. 367 between Madurai and Tirupparankundram in Tamil Nadu.

SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR): I rise today to express my deep concern over the decision to drop the proposed Road Over Bridge (ROB) at Level Crossing No. 367 between Madurai and Tirupparankundram. This project, sanctioned under a cost-sharing arrangement with the Tamil Nadu Government, was critical for easing traffic and ensuring the safety of thousands of daily commuters. The justification given—that traffic can be diverted through an existing ROB cum subway located 700 meters away—is simply not practical. In a fast-growing urban region, such diversions only add to congestion, delays, and safety hazards. The public continues to face long waiting times and accidents at this unmanned crossing. Now, the state proposes a subway at the location, but the work is stuck through the railway authorities at the stage of preparing the Technical Feasibility Report and DPR. There is no clarity on timelines or commitment. This is unacceptable. I urge the Government to immediately allocate necessary funds, give the formal go-ahead, and treat this matter as urgent. The work must be taken up on a war footing to safeguard the interests of the public and to fulfil long-pending infrastructure needs. Let development not be derailed by delay and indecision.

(ends)

Re: Need for overbridge/underbridge and to remove accident-prone dark spots at the junction of Panipat-Khatima NH and Delhi-Yamunotri road near Balwa village in Shamli district, Uttar Pradesh

सुश्री इकरा चौधरी (कैराना) : मैं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का ध्यान उत्तर प्रदेश के जिला शामली स्थित बलवा गांव के निकट पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग और दिल्ली-यमुनोत्री मार्ग के जंक्शन पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। मैंने लोकसभा में इस समस्या पर प्रश्न भी उठाया था, जिसके उत्तर में मंत्रालय ने स्वीकार किया कि इस राजमार्ग पर कई खतरनाक पॉइंट्स चिन्हित किए गए हैं। परंतु इन खतरनाक स्थलों को दुरुस्त करने की कोई ठोस कार्य योजना अब तक नहीं बनी है। बलवा गांव के पास यह जंक्शन अत्यंत दोषपूर्ण डिजाइन का है, जहां वाहन तेज गति से आते हैं और हाइवे के बीचोबीच टी शेप डिवाइडर स्थित है, जिससे बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं। यहां न तो ओवरब्रिज है और न ही अंडरपास, जिससे स्थानीय निवासियों को प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर सड़क पार करनी पड़ती है। इन स्थितियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और जन-धन की हानि हो रही है। मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि इन खतरनाक डार्क स्पॉट्स को शीघ्र हटाकर बलवा गांव के निकट स्थित इस जंक्शन पर ओवरब्रिज या अंडरपास निर्माण की तत्काल कार्य योजना बनाई जाए।

(इति)

Re: Need to increase employability and productivity in unorganized sector

श्री राजीव राय (घोसी) : सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए हाल ही में जारी किए गए अनिगमित उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि वर्ष 2015-16 की तुलना में 2022-23 में अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत कामगारों की संख्या में 1.5% की गिरावट आई है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि अनिगमित क्षेत्र में कार्य बल की कुल संख्या में लगभग 16.45 लाख की कमी आयी है यानी कार्य बल की संख्या वर्ष 2015-16 में 11.13 करोड़ की तुलना में वर्ष 2022-23 में 10.96 करोड़ रह गई है। अकेले उत्तर प्रदेश में इन 8 वर्षों में कामगारों की संख्या में 8 करोड़ से अधिक की कमी आयी है। पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक आदि राज्यों में भी स्थिति बेहतर नहीं है। गैर-मान्यता प्राप्त क्षेत्र देश के सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में 44 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है और गैर-कृषि उद्यमों में कार्यरत लगभग 75 प्रतिशत कार्य बल को रोजगार प्रदान करता है। इन गैर-कृषि क्षेत्र के उद्यमों के डेटा को महत्वपूर्ण रोजगार संकेत के रूप में देखा जाता है। इसके अलावा अनौपचारिक क्षेत्र में नौकरियां रोजगार सृजन क्षमता और श्रम बल के नियोजन को निर्धारित करने का एक महत्वपूर्ण मापदंड हैं।

अनिगमित उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट एक बहुत ही गंभीर आर्थिक परिदृश्य को उजागर करती है और यह सभी के लिए चिंता का सबब होना चाहिए। यह रिपोर्ट 7-8 साल बाद सामने आई है। हम विपक्षी दल बार-बार कहते रहे हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था गंभीर संकट का सामना कर रही है और देश खतरनाक स्तर की बेरोजगारी का सामना कर रहा है। यह रिपोर्ट उसी बात की पुष्टि करती है जो हम लंबे समय से कहते आ रहे हैं। यक्ष प्रश्न यह है कि यह कार्य बल कहां गया? जब पिछले कुछ वर्षों में काम काजी आयु वर्ग की आबादी में 20-25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, तब असंगठित क्षेत्र में इस क्षेत्र द्वारा पैदा होने वाले रोजगारों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट देखी जा रही है। इस दुखद स्थिति के कारणों का अनुमान लगाना कोई मुश्किल कार्य नहीं है। वर्षों से दोषपूर्ण और अपरिपक्व आर्थिक नीतियां इसके लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी हैं। वर्ष 2016 में अनुचित ढंग से की गई नोटबंदी और वर्ष 2017 में जल्दबाजी में लागू किए गए जीएसटी ने असंगठित क्षेत्रों की कमर तोड़ दी। कोविड-19 महामारी से स्थिति और भी बदतर हो गई। कोई सुधारात्मक कदम उठाने और इस क्षेत्र को सहायता प्रदान करने के बजाय सरकार का ध्यान अमीरों को सहायता और लाभ प्रदान करने पर केंद्रित है।

अब समय आ गया है कि सरकार इस पर ध्यान दे और हमारी अर्थ व्यवस्था के असंगठित क्षेत्र में रोजगार क्षमता और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए तंत्र तैयार करे। मैं सरकार से इस पर विचार करने का आग्रह करता हूं।

(इति)

Re: Proposed cutting of trees by Damodar Valley Corporation

श्री कीर्ति आज़ाद (बर्धमान-दुर्गापुर) : मैं सरकार और संबंधित एजेंसियों का ध्यान एक अत्यंत गंभीर और संवेदनशील विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। दामोदर वैली कॉरपोरेशन (DVC) द्वारा अपनी विस्तार योजना के अंतर्गत 15,000 से अधिक पेड़ों की कटाई की तैयारी की जा रही है। इनमें से अधिकांश पेड़ 200 से 250 वर्ष पुराने हैं। ये वृक्ष न केवल जैव विविधता का आधार हैं, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ भी हैं। इस निर्णय से पर्यावरणीय संतुलन, वन्य जीवन और जलवायु को अपूर्णीय क्षति पहुँचने की आशंका है। आज विज्ञान और तकनीक से ऐसे पुराने वृक्षों को स्थानांतरित (Transplant) किया जा सकता है। नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल (NGT) ने भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विकास योजनाओं में पर्यावरणीय संरक्षण सर्वोपरि होना चाहिए। इसके बावजूद, न तो DVC और न ही मंत्रालय ने पेड़ों को बचाने की दिशा में कोई ठोस वैकल्पिक योजना प्रस्तुत की है। यह सीधा संकेत है कि विकास के नाम पर प्रकृति को बलि चढ़ाया जा रहा है। सरकार की यह उदासीनता न केवल असंवेदनशील है, बल्कि NGT के दिशानिर्देशों की भी अवहेलना करती है। मैं मांग करता हूँ कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई तत्काल रोकी जाए। पुराने वृक्षों को वैज्ञानिक विधि से अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए।

(इति)

Re: Alleged arrest of individuals for speaking 'Bengali' in Delhi

SHRIMATI JUNE MALIAH (MEDINIPUR): I wish to draw attention to a disturbing incident under FIR No. 51/2025 at Lodhi Colony Police Station, Delhi, where individuals were arrested for speaking in Bangla, which the Delhi Police inaccurately referred to as "Bangladeshi language." This is factually wrong and constitutionally offensive. Bangla is one of the 22 languages recognised in the Eighth Schedule to our Constitution. There is no such language as "Bangladeshi." This mischaracterisation reflects a serious lack of awareness and fosters discrimination against Bengali-speaking citizens. It violates Article 343 and disrespects our linguistic diversity. I urge the concerned Ministry to act immediately, correct the record, and sensitise authorities to prevent such incidents in future.

(ends)

Re: Need to exempt import duty on materials used in manufacturing of Agarvatti in the country

SHRI C. N. ANNADURAI (TIRUVANNAMALAI): The Agarvatti industries located in Tirupathur under Tiruvannamalai Parliamentary Constituency is affected adversely due to high import duty and cumbersome rules and inadequate commercial facilities. Resultant is obstructing of agarvatti production, its export and employment generation capabilities in the region. Currently approximately more than 50000 workers are engaged in this agarvatti industry which produces 50 percent of total agarvatti production of the Country. To increase production, export of agarvatti and generate employment in the region, I request the Union Government to exempt the import duty on materials used in agarvatti manufacturing, liberalization and simplification of rules and legal provisions made in Acts effecting the agarvatti industries viz Consumer Protection Act (2019), Competition Act (2002), Legal Metrology Rules (2011) and MSMED Act (2006). I also request for setting up Customs Office at Jolarpettai Railway Junction for ease of doing business.

(ends)

Re: Need for establishment of Ekalavya Model Residential School (EMRS) in Palnadu district, Andhra Pradesh

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): I wish to draw the attention of this House to an urgent issue concerning the tribal communities of Palnadu district in Andhra Pradesh. A total of 28 Ekalavya Model Residential Schools (EMRS) have been sanctioned across the state. However, not a single EMRS has been allotted to the Palnadu region. As per Census 2011, Andhra Pradesh has a Scheduled Tribe population of over 14.11 lakh, and the Palnadu region, particularly Gurazala, Narasaraopet, and Sattenapalli have a tribal population exceeding 30,000. Despite this significant demographic, the region lacks access to quality residential education infrastructure like EMRS. The absence of such institutions severely hampers the educational outcomes and upward mobility of tribal children, especially girls. It forces many families to send children long distances for school or drop out entirely. I urge the Ministry of Tribal Affairs to consider the genuine need of this underserved region and sanction an Ekalavya Model Residential School for Palnadu district at the earliest. This would go a long way in addressing regional disparities and promoting inclusive development in education.

(ends)

Re: Need to start operation of flight services from Sabeya Airport in Gopalganj district, Bihar

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : सबेया (हथुआ) एयरपोर्ट RCS-UDAN में शामिल है। यह 473 एकड़ में है जिसमें से 280 एकड़ भूमि खाली है। मेरे सांसद फंड से एयरपोर्ट की पिलरिंग हुई है। रक्षा सम्पदा विभाग, दानापुर ने पक्की बाउंड्री एवं फेंसिंग के लिए 4 करोड़ 41 लाख रुपए की स्वीकृति के बाद बाउंड्री एवं फेंसिंग का कार्य चालू किया है। इस एयरपोर्ट के रनवे की लम्बाई 167 मीटर है तथा केवल गोपालगंज-सिवान जिले से सर्वाधिक संख्या में (लगभग 1.5 से 2 लाख) लोग खाड़ी देशों (विदेशों) में नौकरी करते हैं। गोपालगंज जिले में विदेशी मुद्रा का आगमन देश के अन्य जिलों की तुलना में सर्वाधिक है एवं बिहार में प्रथम है। इस एयरपोर्ट के चालू होने से गोपालगंज एवं आसपास के लगभग 5 जिलों का त्वरित विकास होगा। पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा तथा नेपाल से नजदीक होने के कारण इसका विशेष महत्व है। सबेया एयरपोर्ट पर कमर्शियल वायबिलिटी के साथ-साथ ट्रैफिक डिमांड भी है। 5 बिडिंग राउंड्स तक कोई भी एयरलाइन ऑपरेटर्स सबेया एयरपोर्ट से उड़ान के लिए बिडिंग राउंड्स में शामिल नहीं हुए हैं इसके साथ साथ टर्मिनल बिल्डिंग डिज़ाइन का काम भी ज़रूरी है। अत: नागर विमानन मंत्री जी से निवेदन है कि सबेया एयरफील्ड हथुआ रुट पर ऑपरेशनल एक्टिविटी शुरू करने के लिए बिडिंग राउंड्स में एयरलाइन ऑपरेटर्स आमंत्रित किये जाएँ ताकि सबेया एयरपोर्ट का Revival हो सके। (इति)

Re: Need for a comprehensive action plan to address drug menace in the country especially in Nashik district, Maharashtra

SHRI RAJABHAU PARAG PRAKASH WAJE (NASHIK): I would like to bring to attention of the Government the growing problem of drug addiction among youth, especially in Nashik district, which has become a serious social and law enforcement challenge. According to NCRB data, over 73,000 cases were registered under the NDPS Act As per latest available NCRB data for 2022, marking a 14% rise from the previous year. Maharashtra alone recorded over 9,000 such cases, and cities like Nashik are increasingly becoming vulnerable to organized drug networks. In May 2025, Nashik city police registered 60 NDPS cases, arrested 129 persons, and seized drugs worth ₹87 lakh, including 737 g MD, 292 kg ganja, and 326 kg bhang. Simultaneously, Nashik rural police conducted a special drive leading to 29 arrests and seizure of drugs including 36 kg ganja and 8,610 alprazolam tablets worth ₹8.5 lakh. These figures indicate a disturbing trend of drug trafficking targeting young students through local peddlers and social media, threatening future of our youth. I urge the Government to launch a comprehensive national action plan to disrupt drug trafficking networks; strengthen coordination between local police, NCB, and cybercrime units; and establish more de-addiction and mental health centres, especially in Nashik District. (ends)

Re: Need for comprehensive legislation to control online gaming and gambling

